वर्ष - 1 | अंक - 11 | सितम्बर 2021

रतलाम नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम हुआ पुरस्कृत

## रतलाम नगर को एमआरएफ में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट में मिला तीसरा स्थान



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने पुरस्कार प्राप्त किया

**23 सितम्बर।** प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री माननीय श्री भूपेंद्र सिंह जी व नगरीय विकास ने रतलाम नगर निगम को प्रदेश में एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया को शील्ड व प्रमाण- पत्र प्रदान कर पुरस्त किया। स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर नगर के नागरिकों व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी आदि भी उपस्थित थे।










# सफाई कार्य हेतु वार्डो में हाथ गाड़ियों का वितरण



21 सितम्बर। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा क्रय की गई हाथ गाड़ियों का वितरण उपायुक्त श्री विकास सोलंकी व स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वार्ड दरोगाओं को किया गया। नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में 2-2 हाथ गाड़ियों का वितरण किया गया जिससे सफाई कार्य में सुधार होगा। इस अवसर पर वार्ड दरोगा उपस्थित थे।

रतलाम
नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# आजादी के अमृत महोत्सव की नगर निगम ने की शुरूआत

भारत की आज़ादी का अमृत महोत्सव

**27 सितम्बर |** शासन निर्देशानुसार निकाय स्तर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' मनाये जाने के तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 27 सितम्बर सोमवार को निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शहर के 8 वार्डो में पंहूचकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु प्रेरित कर अमृत महोत्सव की शुरूआत की। अभियान के तहत 28 सितम्बर मंगलवार को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों डीए, मोहल्ला संघो और अन्य आवायी संघों को सम्मानित व प्रोत्साहित किया जायेगा।






अमृत महोत्सव

## प्रथम दिन

## कचरा पृथक्कीकरण की दी समझाईश





रतलाम
नगर पालिक निगम
आजादी का अमृत महोत्सव
E-NEWS LETTER

# नगर निगम के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देष पर 27 सितम्बर सोमवार को शहर के आठ वार्डो में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आमजन को गीले-सूखे कचरे का पृथक्कीकरण करने की समझाईश देकर अमृत महोत्सव मनाया गया जिसके तहत गठित दलों द्वारा वार्डो में जाकर नागरिकों को स्वच्छता की समझाईश दी गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार 27 सितम्बर सोमवार को प्रातः शहर के चार झोनों में अमृत महोत्सव के तहत आजन को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। शहर के वार्ड क्रमांक 10, 13, 30, 31, 17, 22, 24 व 25 के रहवासियों को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कचरा पात्रों में संग्रहण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालने की समझाईश दी गई।

## दूसरे दिन गीला-सूखा कचरा एकत्र करने वाले नागरिकों व रहवासी संघ के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया





**28 सितम्बर।** नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ्य जीवन की कुंजी है। हम अपने घर व आसपास के वातावरण को जितना स्वच्छ व सुंदर रखेगे उतना ही बीमारियों का खतरा दूर रहेगा। सभी को प्रयास करना चाहिए कि हमारे, घर,दुकान कारखाना या जो भी संस्थान हो वहां गीला, सूखा, हानिकारक आदि कचरे का संग्रहण अलग-अलग ही करे और इसे कचरा संग्रहण के निर्धारित खानों में ही डाले।

इस मौके पर गुलमोहर कालोनी संघ के अध्यक्ष बलवंतसिंह भाटी और टीआईटी रोड़ के स्वच्छता सिपाही श्री योगेश कावडियां को प्रमाणपत्र व शील्ड देकर सम्मानित भी किया गया। इसी तरह द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्यों के साथ गांधी नगर क्षेत्र में पंहूचकर नागरिकों से जानकारी ली की वे अपने घरों में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कचरा पात्रों में रखते है या नहीं।

इस दौरान श्रीमती शोभना, बिड़वान, श्री —iky दलोद, श्री ओम साहब बिड़वान, श्री नवीन फतरोड़, श्री विनोद कंडारे, श्रीमती आशा पैमाल, श्रीमती मनोरमा देवी जोशी द्वारा घरों में नियमित रूप से गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्कीकरण करने व पृथक किये गये कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागो में डालने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने पुष्प गुच्छ व पुष्प मालाओं से सम्मान किया। गांधी नगर क्षेत्र में निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि क्षेत्र के नागरिक स्वच्छता के प्रति काफी जागरूक है इसलिये गांधी नगर वार्ड को आदर्श वार्ड बनाया जायेगा। इस अवसर पर नागरिकों की मांग पर एमआईजी भवन के सामने की नाली दुरस्त कराने, उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल व फेंसिग दुरस्त कराने व साफ सफाई किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधितों को दिये।

## आजादी का अमृत महोत्सव के तीसरे दिन

### सामुदायिक व सुलभ शौचालयों की विशेष सफाई के साथ हनुमान ताल पर श्रमदान



**29 सितम्बर ।** नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कहा कि नगर से महानगर की और बढ़ते रतलाम शहर में विकास के कार्य तेजी से हो रहे है और आने वाले समय में रतलाम प्रदेश के विकसित क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाएगा। ऐसे में अब ये भी जरुरी हो गया है कि रतलाम शहर को स्वच्छता के माध्यम से संपन्न बनाया जाए क्योंकि किसी भी शहर के नागरिकों को स्वस्थ्य रखने के लिए स्वच्छता जरुरी है। आजादी के इस अमृत महोत्सव में हम सभी संकल्प ले कि रतलाम का नाम स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाएगे। इसके लिए सभी उन सभी मानकों का पालन करेगे, जो स्वच्छता के लिए जरुरी है।





## चौथे दिन नागरिकों को दी गई गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने की सीख



**30 सितम्बर ।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश और नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के कुशल मार्गदर्शन में गुरुवार को शहर के सुलभ व सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई कराई गई। इस दौरान निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने एक दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों का निरीक्षण कर दुकानदारों और मकानों में रहने वाले लोगों को समझाईश दी है कि किसी भी सूरत में कचरा इधर उधर नही फेंके वरना उन्हे जुर्माना वसूली टीम का सामना करना पड़ेगा। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम टीम के साथ त्रिपोलिया गेंट, चौमुखीपुल, चांदनीचौक, भगतपुरी, त्रिवेणीरोड़ सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया इसके साथ ही त्रिपोलिया गेट, नगर निगम रोड़ व सिखवाल नगर स्थित सुलभ शौचालयों व सार्वजनिक सुविधाघरों का निरीक्षण कर वहां पाई कुछ कमियों को दूर करने के निर्देश दिए है। इस मौके पर राजा ठाकुर द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।










इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री व स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी श्री सुरेशचन्द्र व्यास, कार्यपालन अधिकारी जीके जायसवाल, श्री मोहम्मद हनीफ षेख, प्रभारी सहायक यंत्री श्री एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार, श्री ब्रजेश कुशवाह, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाडे, श्री किरण चौहान, श्री विनय चौहान के अलावा श्री राजा ठाकुर, द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेषन के सदस्य दिव्या प्रयास जोशी, मिली जोशी, श्रुति जोशी, शिवम, सलोनी, कीर्ति, प्रयास, दीपिका व सफाई मित्र समूह टीम के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।


## भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर जुर्माना



**22 सितम्बर** । कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग स्थित मकान नम्बर 271 की भवन स्वामी लीला जोशी द्वारा भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संबंधित पर 5000 का जुर्माना किया गया।

रतलाम नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# प्रधानमंत्री मोदी जी के 71 वें जन्म दिवस पर विधायक श्री काश्यप ने किया पौधा रोपण




17 सितम्बर । प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र जी मोदी के 71 जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर चलाये जा रहे जन कल्याण और सुराज अभियान के तहत विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्री कालिका उद्यान में पौधा रोपण किया। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र जी मोदी के 71 वें जन्म दिवस पर पर्यावरण संरक्षण हेतु नगर के तीन स्थानों पर पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न प्रजातियों के 71 पौधो का रोपण किया गया। श्री कालिका माता उद्यान में विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काष्यप, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने 15 बॉटल पॉम के पौधो का रोपण किया। इसी तरह मुखर्जी नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित एमआईजी फ्लेट बिल्डिंग परिसर के उधान में व डोसी गांव में निर्मित एलआईजी, बिल्डिंग परिसर स्थित उद्यान में बॉटल पॉम, करंज, गुडहल, जामुन, आम, जाम आदि प्रजातियों के 56 इस तरह कुल 71 पौधो का रोपण किया गया।

## तीन स्थानों पर विभिन्न प्रजातियों के 71 पौधो का किया रोपण










इस अवसर पर पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल, पूर्व महापौर परिषद सदस्य एवं पार्शद सर्वश्री भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, गोविन्द काकानी, रणजीतसिंह परिहार, पप्पू पुरोहित, मोहम्मद सलीम मेव, रवि जौहरी के अलावा सर्वश्री प्रदीप उपाध्याय, आदित्य डागा, नीलेश गांधी, सुनील सारस्वत, मयूर पुरोहित, राकेश परमार, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, श्री मोहम्मद हनीफ शेख, उपयंत्री श्री अरविन्द दशोत्तर, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, उद्यान पर्यवेक्षक श्री धर्मेन्द्र दोगाया, श्री अनिल पारा आदि उपस्थित थे।

रतलाम नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान ने किया सीवरेज योजना व नवीन कर्मशाला का ई-लोकार्पण

**22 सितम्बर ।** रतलाम षहर को गन्दे पानी से मुक्त किये जाने हेतु अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोड़ा में निर्मित नवीन कर्मशाला का माननीय श्री षिवराज सिंह जी चौहान ने भोपाल के मिन्टो हॉल से ई-लोकार्पण किया। ई-लोकार्पण का कार्यक्रम खेतलपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर आयोजित किया गया जहां माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की षुरूआत की गई इसके पष्चात एलईडी टी.वी. के माध्यम से जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडियाबंधु व नागरिकों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री षिवराज सिंह जी चौहान के उद्‌बोधन व सीवरेज तथा नवीन कर्मषाला के ई-लोकार्पण कार्यक्रम को देखा व सुना।













इसके पश्चात् भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्रसिंह लूनेरा, पूर्व महापौर श्री शैलेन्द्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल, श्रीमती अनिता कटारिया, कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, श्री कन्हैयालाल मौर्य, श्री बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य सर्वश्री भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, अरूण राव, श्रीमती सीमा टांक, पूर्व पार्शद सर्वश्री सुशील सिलावट, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, सुदीप पटेल, के अलावा सर्वरी मयूर पुरोहित, सुनील सारस्वत, कृश्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, हेमन्त राहौरी, नन्दकिशोर पवांर आदि ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेपटॉप के बटन को दबाकर प्रारंभ किया गया। अमृत योजनान्तर्गत रतलाम नगर में 14154.00 लाख की संचालन एवं संधारण सहित सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोड़ा में 50.00 लाख की लागत से नवीन कर्मशाला का निर्माण किया गया है।

# मोती नगर स्थित कुष्ठ रोगी बस्ती के रहवासियों को मिलने लगा धोलावाड़ का मीठा पानी

## पेयजल सप्लाय प्रारंभ होने पर माना आभार




06 सितम्बर। मोती नगर स्थित कुष्ठ रोगी बस्ती के रहवासियों को धोलावाड़ का मीठा पानी उपलब्ध कराने हेतु 01 सितम्बर को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण के दौरान दिये निर्देश के तहत निगम के जलप्रदाय विभाग द्वारा तत्परता से पाईप लाईन को दुरस्त कर 06 सितम्बर सोमवार से पेयजल सप्लाय पूर्व क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि श्री राकेश मीणा, उपयंत्री श्री सुहास पंडित व झोन प्रभारी श्री नीरज यादव की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। मोती नगर स्थित कुश्ट रोगी बस्ती के रहवासियों को धोलावाड़ का मीठा पानी उपलब्ध कराने हेतु तत्परता से कार्य करते हुए मात्र 6 दिनों में पानी पेयजल सप्लाय प्रारंभ करने पर पूर्व क्षेत्रिय पार्शद प्रतिनिधि श्री राकेश मीणा व रहवासियों द्वारा विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया का आभार व्यक्त किया।

## नगर निगम के आईटी सेल में बनाये जा रहे है आयुश्मान कार्ड




29 सितम्बर। आयुश्मान भारत ''निरामयम'' योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के पात्र हितग्राहियों के नि:शुल्क आयुश्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम के आईटी सेल कार्यालय में कार्यालयीन समय में बनाये जा रहे है इस हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने अधिकारी एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि गरीब एवं असहाय परिवारों पर बीमारियों पर खर्च होने वाले आर्थिक बोझ एवं गुणवत्तापूर्वक इलाज समय पर उपलब्ध कराये जाने हेतु आयुश्मान भारत ''निरामयम'' योजना के तहत नगर के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुश्मान कार्ड नगर निगम के विकास शाखा स्थित आईटी सेल में बनाये जा रहे है। आयुश्मान कार्ड बनाने हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया है कि रतलाम नगर के षेश रहे हितग्राहियों के आयुश्मान कार्ड नि:शुल्क बनाये जाना है। पात्र हितग्राहियों और उनके परिवार सदस्यों का पंजीयन किये जाने हेतु आधार कार्ड व समग्र आईडी दस्तावेज के रूप में लिये जावें।

E-NEWS LETTER
रतलाम
नगर पालिक निगम
आजादी का अमृत महोत्सव

# ईश प्रेम बस्ती व मोती नगर स्थित कुष्ठ रोगी बस्ती के रहवासियों को शीघ्र मिलेगा धोलावाड़ का मीठा पानी

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने किया स्थलों का निरीक्षण

01 सितम्बर। धोलावाड़ रोड स्थित ईश प्रेम बस्ती व मोती नगर स्थित कुष्ठ रोगी बस्ती के रहवासियों को धोलावाड़ का मीठा पानी उपलब्ध कराने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, उपयंत्री श्री सुहास पंडित, पूर्व क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि श्री राकेश मीणा, पूर्व पार्षद श्री सतीश भारतीय के साथ स्थलों का निरीक्षण कर पेयजल सप्लाय प्रारंभ करने के निर्देश संबंधितों को दिये।






निगम आयुक्त श्री झारिया को निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि उक्त क्षेत्रों में पेयजल पाईप लाईन डाली जाकर उन्हे मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा भी जा चुका है किन्तु रोड़ निर्माण के दौरान पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने से उक्त दोनो क्षेत्रों में पेयजल सप्लाय नहीं हो पा रहा है, पाईप लाईन दुरस्ती के पष्चात उक्त दोनो क्षेत्रों में पेयजल सप्लाय के साथ ही शंकरगढ़ व राम नगर में पेयजल सप्लाय प्रारंभ किया जा सकता है। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि पाईप लाईन दुरस्ती का कार्य शीघ्र किया जाकर पेयजल सप्लाय प्रारंभ की जाये साथ ही कैम्प लगाकर नागरिकों की जलकर डायरी भी 10 दिनों में बनाई जाये। मोती नगर के निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी भवन निर्माण कार्य का निगम आयुक्त श्री झारिया ने अवलोकन कर हितग्राहियों से भवन निर्माण हेतु अब तक कितनी किष्ते प्राप्त हुई है की जानकारी ली।

रतलाम नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# जनशिकायत निवारण शिविर

## संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक समस्या का निराकरण त्वरित हो - कलेक्टर

04 सितम्बर। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के साथ नगर निगम सभागृह में शाम 4:00 से 5:00 बजे जन शिकायत निवारण शिविर में 32 आवेदकों की समस्याएं सुनी।

### 32 आवेदकों की समस्याओं पर कार्रवाई के दिए निर्देश



जिनके निराकरण के लिए कलेक्टर ने संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए। जन शिकायत निवारण शिविर में सैनिक कॉलोनी रतलाम के बलराम प्रजापत ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व का मकान सैनिक कॉलोनी में स्थित है जिसके नामांतरण के लिए आवेदन पत्र निगम कार्यालय में प्रस्तुत किया जा चुका है परंतु कई चक्कर लगाने के बाद भी अभी तक भवन का नामांतरण नहीं हुआ है। आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित शाखा को निर्देशित किया गया। धानमंडी के दिलीप कुमार अग्रवाल ने आवेदन दिया कि उनके मोहल्ला धानमंडी स्थित दो पृथक-पृथक भवनों के लिए संयुक्त निर्माण अनुज्ञा प्राप्त की गई है तथा उक्त निर्माण अनुज्ञा का उल्लंघन करते हुए विपरीत निर्माण किया जा रहा है और व्यक्ति द्वारा खुले रुप में निगम के सिटी इंजीनियर तथा अन्य अधिकारियों से बातचीत हो जाना दर्शाकर मौके पर निरंतर अवैध निर्माण करवाता आ रहा है और धोंस दे रहा है चाहे कितनी भी शिकायत कर दो, उसके द्वारा करवाए जा रहे निर्माण के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं होना है। मौके पर निरंतर चल रहे अवैध निर्माण की जानकारी सिटी इंजीनियर तथा अन्य अधिकारियों को होने के उपरांत भी ना तो अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है और ना ही अवैध निर्माण रुकवाने बाबत कोई प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आवेदन पर कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। हठीराम दरवाजा के रामचंद्र परमार, आनंदीलाल गुगलिया ने आवेदन दिया कि मोहन टॉकीज के पास स्थित समता परिसर में बाहर जाने का रास्ता बहुत ही संकरा है और गेट के बाहर ढलान भी है। इस ढलान पर नगर निगम द्वारा 1 सप्ताह पहले एक स्पीड ब्रेकर बना दिया गया है जिससे वाहन गिर सकते हैं और किसी के भी चोट लग सकती है।



गली के एक अन्य व्यक्ति द्वारा नाली पर स्टेप बनाकर रास्ते को और संकरा कर दिया है अत: स्पीड ब्रेकर तथा नाली पर निर्मित स्टेप को तुरंत हटाया जाए। आवेदन पर पीडब्ल्यूडी शाखा को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अलकापुरी के विजयसिंह भाटी ने उनके घर के सामने का चेंबर सफाई के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार लक्कड़पीठा मेन रोड पर सरकारी नल के दुरुपयोग करने, गंदगी और कीचड़ करने की शिकायत का आवेदन श्री शब्बीर कापड़िया तथा अन्य द्वारा दिया गया जिसके निराकरण के लिए अतिक्रमण शाखा को निर्देशित किया गया।

इसके अलावा ईदगाह रोड बाजना बस स्टैंड के बसंतीलाल पिता नानालाल द्वारा आवेदन दिया गया कि उनके भूखंड की राशि एवं संपूर्ण टैक्स जमा कर रजिस्ट्री पत्र बनवाया जाए। सभी आवेदनों पर कलेक्टर ने निगम की संबंधित शाखाओं को समय सीमा में निराकरण के लिए निर्देशित किया। शहर सराय एवं धानमंडी क्षेत्र के नागरिकों ने क्षेत्र में सुविधाघर बनाने संबंधी आवेदन दिया। नागरिकों ने बताया कि कुछ वर्षों पहले तक यहां सुविधाघर बना हुआ था मगर अब सुविधाघर नहीं है। इससे शहर सराय के दुकानदारों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने क्षेत्र में सुलभ कांपलेक्स इस चौराहे पर बनाए जाने संबंधी निवेदन किया। इस संबंध में संबंधित विभाग को कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। रामदेव जीकी घाटी निवासी संजय चौहान ने देवरा देवनारायण योजना में प्लाट की रजिस्ट्री संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1991-92 में नगर सुधार न्यास द्वारा देवरा देवनारायण योजना क्रमांक 55 में प्लाट लिया था। इसकी रजिस्ट्री अभी तक नहीं करवाई गई है।

# जनशिकायत निवारण शिविर

अवैध निर्माण करने एवं एमओएस नहीं छोड़ने संबंधी आवेदन देते हुए रतलाम निवासी गोवर्धन लोहिया ने कहा कि उनके निजी मकान के समीप अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। यहां अवैध निर्माण को तुरंत तुड़वाने एवं एमओएस का पालन करवाने संबंधी कार्यवाही की जाए। इस संबंध में संबंधित शाखा को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सैनिक कॉलोनी निवासी सीताबाई प्रजापत में कहा कि सैनिक कॉलोनी योजना क्रमांक 30 में उनके मकान का नामांतरण नहीं हो रहा है। इस संबंध में उन्होंने आवेदन भी दिया हुआ है, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। नामांतरण के लिए पिछले कई वर्षों से वह चक्कर लगा रही हैं। कलेक्टर ने सिटी इंजीनियर को इस संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिए। सिलावटों का वास निवासी संगीता राव ने अपने आवेदन में अपने अधिपत्र के भूखंड पर पट्टा जारी करने तथा वहां किए गए अतिक्रमण को हटाना संबंधी आवेदन दिया। वहीं शक्तिनगर निवासी रेखा आचार्य ने मकान निर्माण के दौरान पड़ोसी द्वारा अवैध निर्माण करवाने संबंधी शिकायत की। उन्होंने अवैध निर्माण छुड़वाने तथा की मांग की। इस संबंध में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने संबंधी निर्देश संबंधित शाखा को दिया गया।



## स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम नगर को पुरस्कार मिलने पर

# निगम आयुक्त श्री झारिया का सम्मान

**24 सितम्बर ।** प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया का निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, सफाई कर्मचारी यूनियन तथा नागरिकों द्वारा पुशपमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाकर बधाई प्रेशित की। प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा पुरस्कार प्राप्त कर 24 सितम्बर को नगर निगम कार्यालय आने पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी खुषी का इजहार करते हुए निगम आयुक्त श्री झारिया का पुशप माला व पुष्प गुच्छ से सम्मान कर अपनी खुशी का इजहार किया।





निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने का श्रेय सभी अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों को जाता है क्योकि सभी के सहयोग से यह संभव हो पाया है इसलिये सभी सम्मान के हकदार है।


इस अवसर पर उज्जैन संभाग अधीक्षण यंत्री श्री प्रदीप निगम, कार्यपालन यंत्री श्री आर.आर. जारोलिया, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, लेखाधिकारी श्री विजय बालोद्रा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री मनीश तिवारी सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सफाई कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

रतलाम
नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# पीएमएवाय के फ्लेटों का इप्का में दिया प्रेजेन्टेशन

## इप्का के अधिकारी एवं कर्मचारियों को फ्लेट क्रय करने हेतु किया प्रोत्साहित

08 सितम्बर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर व डोसीगांव में निर्मित एमआईजी व एलआईजी फ्लेटों का शीघ्र-अतिशीघ्र हो इस हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी इप्का के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्मित फ्लेटों का प्रेजेन्टेशन दिया।




प्रेजेन्टेशन के माध्यम से इप्का के अधिकारी एवं कर्मचारियों को मुखर्जी नगर व डोसीगांव में निर्मित एलआईजी व एमआईजी फ्लेटों को दिखाया गया साथ ही फ्लेट का सुपर बिल्ट अप एरिया, आरक्षित मूल्य, ऑन लाईन विक्रय प्रक्रिया, अर्नेस्टमनी राशि आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर वाईस प्रेसिडेंट दिनेश सियाल, एडमिनिस्ट्रेशन हेड श्री विक्रम कोठारी, जनरल मैनेजन श्री नीरज सक्सेना सहित इप्का के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

CURRENT

# रचना हाउसिंग कॉलोनी में कॉलोनाईजर द्वारा किये गये विकास कार्यो का प्राक्कलन प्रस्तुत किया

10 सितम्बर। भक्तन की बावड़ी महू रोड बस स्टैण्ड के पास रचना हाउसिंग कालोनी में कॉलोनाईजर द्वारा पूर्ण किये गये शेष विकास कार्यो का प्राक्कलन 15 सितम्बर तक प्रस्तुत किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने संबंधितों को निर्देशित किया है।




निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने आदेश जारी कर कार्यपालन यंत्री कॉलोनी सेल, लोक निर्माण विभाग श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय श्री मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री विद्युत विभाग श्री एम.के. जैन, प्रभारी सहायक यंत्री लोक निर्माण श्री अनवर कुरेशी, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग श्री राजेन्द्र मिश्रा व उपयंत्री जलप्रदाय विभाग श्री सुहास पंडित को उक्त कालोनी में विकास कार्य सीमेन्ट कांक्रीट रोड, पेवर ब्लॉक, सीवरेज पाईप लाईन, बगीचा का आन्तरिक विकास मय खेल उपकरण, सेप्टिक टैंक, ट्यूबवेल, होव्हर हेड टैंक, सम्पवेल, पेयजल पाईप लाईन कार्य आदि, इलेक्ट्रीक पोल, एलईडी स्ट्रीट लाईट, ट्रांसफार्मर आदि के समस्त आवश्यक कार्य कॉलोनाईजर द्वारा कौन-कौन से कितनी मात्रा में पूर्ण किये है कॉलोनी के अनुमोदित मानचित्र पर दर्शाये तथा शेष अधूरे कार्य साथ ही निगम में बंधक रखे गये भूखण्ड़ो की वर्तमान भौतिक स्थिति कॉलोनी के अनुमोदित मानचित्र पर दर्शाकर विस्तृत प्राक्कलन 15 सितम्बर तक प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।

# पीएमएवाय के फ्लेटों का डीआरएम ऑफिस में दिया प्रेजेन्टेशन
## रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों को फ्लेट क्रय करने हेतु किया प्रोत्साहित

22 सितम्बर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर व डोसीगांव में निर्मित एमआईजी व एलआईजी फ्लेट व सुभाषचन्द्र शॉपिंग काम्लेक्स की दुकानों का षीघ्र-अतिषीघ्र हो इस हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी ने रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों डीआरएम ऑफिस के मीटिंग हॉल में इप्का के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्मित फ्लेटों व दुकानों का प्रेजेन्टेशन दिया।



प्रेजेन्टेशन के माध्यम से रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों को मुखर्जी नगर व डोसीगांव में निर्मित एलआईजी व एमआईजी फ्लेट व महू रोड स्थित सुभाषचन्द्र शॉपिंग काम्पलेक्स की दुकानों को दिखाया गया साथ ही फ्लेट व दुकानों का सुपर बिल्ट अप एरिया, आरक्षित मूल्य, ऑन लाईन विक्रय प्रक्रिया, अर्नेस्टमनी राशि आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर एडीआरएम श्री के.के. सिन्हा, डिविजनल ऑपरेटिंग मैनेजर श्री अजय ठाकुर सहित रेलवे के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# लोक अदालत में बकायादारों ने संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार राशि में छूट का लाभ लिया

## बकाया के रूप में संपत्तिकर 28 लाख व जलकर 6 लाख जमा हुए

## निगम को 34 लाख की राशि बकाया के रूप में प्राप्त हुई




11 सितम्बर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 11 सितम्बर शनिवार को एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) राशि में छूट का लाभ लिया। आज नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय व फायर ब्रिगेड भवन नगर निगम कार्यालय में बकायादारों ने 190 प्रकरणों के तहत संपत्तिकर के 28 लाख रूपये तथा 98 प्रकरणों के तहत जलप्रदाय के 6 लाख 1 हजार रूपये कुल राशि 28 लाख 1 हजार रूपये जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) की राशि में छूट का लाभ लिया।

# मिनी स्मार्ट सिटी के कार्यो हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त




28 सितम्बर। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना फेस-2 योजनान्तर्गत ''मिनी स्मार्ट सिट'' का कार्य समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने पृथक-पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मिनी स्मार्ट सिटी के पृथक-पृथक कार्यो हेतु रोड क्रमांक आर.आर. 1 गुजरात स्वीट्स से जुनियर रेलवे इंस्टीव्यूट तक, रोड क्रमांक आर.आर. 3 महाराणा प्रताप चौराह से लोकेन्द्र टॉकिज तक (जीपीओ रोड) व रोड क्रमांक आर.आर. 4 शास्त्री नगर मेनरोड के कार्य समय-सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यास को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है उक्त तीनों रोड निर्माण हेतु पृथक-पृथक प्रभारी सहायक यंत्री व उपयंत्रियों को नियुक्त किया है।

E- NEWS LETTER
रतलाम
नगर पालिक निगम
आजादी का अमृत महोत्सव

# सुभाष शॉपिंग काम्लेक्स की दुकाने विक्रय हेतु कार्यशाला संपन्न

## कार्यशाला में निविदा प्रक्रिया व शर्तो से कराया अवगत

**01 सितम्बर ।** शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग महू रोड पर स्थित सुभाशचन्द्र षॉपिंग काम्पलेक्स की 99 दुकानों के विक्रय हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारी, दुकानदार व नागरिकों को दुकानें क्रय करने हेतु निविदा प्रक्रिया व षर्तो से अवगत कराया गया।




निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया आयोजित कार्यशाला में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सुभाशचन्द्र शॉपिंग काम्पलेक्स में निर्मित जानकारी से नागरिकों को अवगत कराते हुए बताया कि 102 दुकानों मे से शेष 99 दुकानों का विक्रय नगर निगम द्वारा ऑन लाईन निविदा के माध्यम से किया जाना है जिसकी निविदा शीघ्र जारी की जायेगी। उन्होने बताया कि षहर की आबादी के मान से दुकानों का आरक्षण तय कर दिया गया है साथ ही कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार दुकानों का आरक्षित मूल्य भी तय कर दिया गया है। वर्तमान में दुकानों की रंगाई-पुताई व मरम्मत का कार्य प्रारंभ है। काम्पलेक्स में निगम द्वारा कार्यालय संचालित किया जा रहा है कोई भी नागरिक कार्यालय समय में उपस्थित होकर दुकानों की जानकारी लेने के साथ ही दुकानों को देख भी सकते है।

इस अवसर पर उन्होने बताया कि दुकान आवंटन होने पर २५ प्रतिषत राषि व १२० दिवस या उससे पहले संपूर्ण राषि जमा कराने पर एक सप्ताह में रजिस्ट्र संपादित करा दी जायेगी। आवंटन के समय यदि एक साथ १० वर्श की लीजरेंट राषि जमा करा दी जाती है तो उसे फ्री होल्ड किया जाकर संपूर्ण मालिकाना हक प्राप्त होगा इसके पष्चात सिर्फ वार्शिक भू-भाटक ही जमा कराना होगा। कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास ने इस अवसर पर ऑन लाईन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दुकान क्रय करने वाले व्यक्ति को ऑन लाईन टेण्डर भरे जाने हेतु सर्विस प्रोवाईडर की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। आयोजित कार्यशाला उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, में कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, श्री एम.के. जैन, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र षर्मा, श्री शैलेन्द्र गोठवाल के अलावा सर्वश्री मुर्तजा तालवाला, राजेन्द्र मूणत, हुसैन जमाली, इलियास खान, शोएब खान, मनीश जोशी, प्रमोद जोगी, उत्कर्श आचार्य, आदर्ष आचार्य, पी.के. आचार्य, मोहम्मद नावेद, राजु, अंकित जैन, गौरव रसेला, अनोखीलाल राठौड़, लक्की राठौड़, रवि प्रजापत, अनिल भटनागर, राहूल वोरा सहित व्यापारी, दुकानदार व नागरिक उपस्थित थे।

# 35 लाख की लागत से संवरेगा, सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स मार्केट
## निगम आयुक्त श्री झारिया ने किया सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निरीक्षण

15 सितम्बर। शहर के सबसे व्यस्ततम और मुख्य क्षेत्र में स्थित सुभाष शॉपिग की 99 दुकानों को नगर निगम के ई टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर रतलाम शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रुचि दिखा रहे है। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानो व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां लगभग 35 लाख रुपए की लागत से मरम्मत कार्य भी शुरु करवा चुका है।



सुभाष शॉपिग कॉम्पलेक्स में स्थित दुकानों की नीलामी के पूर्व पूरे मार्केट को नया स्वरुप देने के लिए कार्य की शुरुवात हो चुकी है। बुधवार दोपहर आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने पूरे मार्केट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। सुभाष मार्केट की दुकानों की नीलामी ई निविदा के माध्यम से प्राप्त होकर पारदर्शी आंवटन होगा। यहां अचल संपत्ति अन्तरण नियम 2016 व संशोधित नियम 2021 के तहत आवंटन की कार्रवाही की जाएगी। यहां की दुकानों के लिए 30 वर्ष की लीज या 10 वर्ष की लीज राशि एक मुश्त जमा कराए जाने पर फ्री होल्ड का प्रावधान भी रखा गया है।

इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नही रहेगा। व्यस्थित पार्किग वाले इस मार्केट के समीप ही फोरलेन,बस स्टेण्ड परिसर सहित मार्केट में लिफ्ट का प्रावधान भी रखा गया है। शहर के सबसे बड़े इस मार्केट में 99 दुकानों का विक्रय किया जाना है। नीलामी के दौरान आरक्षण प्रक्रिया भी लागू की जाएगी। इसी मार्केट में नगर निगम का कार्यालय भी खोला गया है। जहां इच्छुक खरीदार आकर निविदा की प्रक्रिया,आरक्षण और नियम व शर्तो की जानकारी ले सकते है,साथ ही यहां ई निविदा प्रक्रिया के चलते कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था की गई ताकि इच्छुक खरीदार यहां से भी ई निविदा दर्ज करा सकते हैं।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि सुभाषचन्द्र शापिग काम्पलेक्स की प्रथम फ्लोर व लोवर फ्लोर पर स्थिति दुकानों के आंवटन मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं संशोधित नियम 4 मई 2021 के प्रावधान के अन्तगर्त किए जाने के लिए आफर ई निविदा द्वारा आमंत्रित है। उन्होने कहा कि ई-निविदा नीलामी की नियम शर्ते जगह-जगह चस्पा की जा चुकी है जिसे पढकर खरीदार इस नीलामी में हिस्सा ले सकते है। उन्होने कहा कि सुभाष मार्केट को सर्वसुविधाजनक बनाए जाने के सभी प्रयास किए जा रहे है, जिसके चलते यह मार्केट शहर के सबसे बड़े और सुसज्जिज मार्केट में शुमार होगा।

# रतलाम के व्यापारियों के लिए सौगात है सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स

## जिलाधीश व निगम प्रशासक श्री पुरुषोत्तम द्वारा सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निरीक्षण कॉम्पलेक्स में सुधार कार्यो का किया अवलोकन

**21 सितम्बर ।** महू रोड स्थित सुभाष शॉँपिग कॉम्पलेक्स को नवीन स्वरुप देने के लिए यहां किए जा रहे सुधार कार्यो का निरीक्षण मंगलवार शाम जिलाधीश व नगर निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोतत्म ने करते हुए नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सहित अन्य इंजीनियरों को निर्देश दिए है कि मार्केट में सुधार से जुड़े कामों को समय सीमा में कर लिया जाए।



महू रोड स्थित सुभाशचन्द्र शॉपिंग कॉम्पलेक्स का कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के साथ गुरुवार दोपहर मार्केट का निरीक्षण किया। निगम प्रशासक ने मार्केट के कोने-कोने का निरीक्षण कर यहां की सफाई व ड्रेनेज व्यवस्था को देखा और समय सीमा में यहां व्याप्त कमियों को दूर करने के निर्देश मौके पर ही दिए है। इसी तरह दुकानों की शटर की मरम्मत और जरुरत होने पर नए शटर लगाने के लिए भी संबधित इंजीनियर को निर्देश दिए गए है।





इस मौके पर आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि मार्केट की 99 दुकानों को नगर निगम के ई टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर रतलाम शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रुचि दिखा रहे है। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानो व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां मरम्मत कार्य भी शुरु करवा चुका है। उन्होने बताया कि सुभाष मार्केट की दुकानों की नीलामी ई निविदा के माध्यम से प्राप्त होकर पारदर्शी आंवटन होगा। यहां की दुकानों के लिए 30 वर्ष की लीज या 10 वर्ष की लीज राशि एक मुश्त जमा कराए जाने पर फ्री होल्ड का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नही रहेगा।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि शहर के सबसे बड़े इस मार्केट में पार्किंग की पर्याप्त सुविधा है, इसके साथ ही समीप की एक बड़ी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर वहां भी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि चार पहिया सहित अन्य बड़े वाहनों को यहां खड़ा किया जा सके। इस मौके पर दुकानों की खरीदारी के लिए आए व्यापारियों ने भी निगम आयुक्त श्री झारिया से मुलाकत की और ई निविदा से जुड़ी जानकारी व नियम शर्ते जानी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शापिंग काम्पलेक्स महूरोड़ की दुकाने प्रथम फ्लोर व लोवर फ्लोर पर स्थिति दुकानों के आंवटन मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं संशोधित नियम 4 मई 2021 के प्रावधान के अन्तगर्त किए जाने के लिए आफर ई निविदा द्वारा आमंत्रित है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, श्री सत्यप्रकाश आर्चाय, उपयंत्री श्री राजेन्द्र मिश्रा, श्री ब्रजेश कुशवाह, श्री शैलेन्द्र गोठवाल आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा निर्माणाधीन पेवेलियन का निरीक्षण 25 सितम्बर तक शेष कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश



**9 सितम्बर** । पोलोग्राउण्ड में निर्माणाधीन पेवेलियन निर्माण कार्य का कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल के साथ कर शेष रहे कार्यो को 25 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार श्री अनुप धनोतिया को दिये।

रतलाम नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# प्रधानमंत्री आवास योजना मे निर्मित दुकानों के निविदाकारों को

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने दुकान आवंटन के सूचना पत्र प्रदान कर मुंह मीठा कराया

## समय सीमा मे संपूर्ण राशि जमा कराने पर अगले कार्य दिवस में संपादित होगी रजिस्ट्री




17 सितम्बर । प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के अन्तर्गत डोसीगांव में निर्मित दुकानों के ऑन लाईन विक्रय हेतु आमंत्रित निविदा के माध्यम से उच्च दर वाले निविदाकारो को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने आमंत्रित कर उन्हे आवंटन सूचना पत्र प्रदान किये तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निविदाकारो को बताया कि उन्हे स्वीकृत निविदा राषि की 25 प्रतिषत राषि सूचना पत्र तामिली से 21 दिवस में व शेष राशि सूचना पत्र तामिली से 120 दिवस के अन्दर जमा करानी होगी। तय समय सीमा में संपूर्ण राशि जमा कराने के अगले कार्य दिवस में उनकी रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से संपादित कराई जावेगी। उन्होने यह भी बताया कि यदि कोई निविदाकार संपूर्ण राषि तय सीमा के पहले जमा करा देता है तो उसकी रजिस्ट्री भी अगले कार्य दिवस में संपादित कराई जावेगी। स्टेट बैंक के झोनल मैनेजर श्री सिंह ने इस अवसर पर निविदाकारों को ऋण उपलब्ध कराये जाने के संबंध में जानकारी दी। निगम आयुक्त श्री झारिया ने दुकान क्रमांक ई/3 हेतु जितेन्द्र-हुकमचन्द, ई/4 हेतु जितेन्द्र-हुकमचन्द, एफ/1 हेतु षांतिलाल-नानूराम चौहान, एस/1 हेतु रविराज-विक्रमसिंह राजावत, एस/2 हेतु श्रीमती रेणुका-विजय जैन, एस/3 हेतु आषा-षरद लोढ़ा, एस/4 हेतु टोडरमल एण्ड सन्स संतोश कुमार, एस/5 हेतु वर्शा-महेशचन्द्र लोढ़ा, एस/7 हेतु ममता-नरेन्द्र पुरोहित, एस/8 हेतु मनोज-विनोद कुमार पाटगवाल, एस/9 हेतु रमणलाल-बाबुलाल पालीवाल, एस/10 हेतु हितेष-सुभाषचन्द्र शर्मा व एस/16 हेतु शिवनाथ-अर्जूनसिंह बघेल को दुकान आवंटन का सूचना पत्र प्रदान किया व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।

रतलाम नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाये

19 सितम्बर। अति वृश्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद कर 8 आश्रय स्थलों की स्थापना की है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिये नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाषा नम्बर 07412-270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की 8-8 घन्टे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई।




इसके अलावा अति वृश्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये जाकर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल पर श्री विशाल भटनागर मो0नं0 9300885504, ईश्वर नगर विद्यालय भवन पर श्री मुकेष मेहता मो0 नं0 9629647211, षैरानीपुरा जमातखाना पर श्री विजय अग्रवाल मो0 नं0 9907454456, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर राजेश सिंह सेंगर मो0 नं0 7697052031, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर श्री प्रदीप उपाध्याय मो0 नं0 9589944748, धीरजशाह नगर रॉयल हॉल पर श्री कुलदीप भट्ट मो0 नं0 7471144027, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी पर श्री महेष व्यास मो0 नं0 9752971374 तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड पर श्री सुनील कपूर मो0 नं0 9644000433 को नियुक्त किया गया है। आश्रय स्थलों के व्यवस्था की जिम्मेदारी उपयंत्री श्री विकास मरकाम उपयंत्री को सौंपी गई है। जो नियुक्त किये गये कर्मचारियों के सहयोग से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित् करेंगे।

रतलाम
नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# जलभराव वाले क्षेत्रों का निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा निरीक्षण

22 सितम्बर। नगर के ऐसे क्षेत्र जहां दो दिवस पूर्व हुई मूसलाधार बारिष से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई थी वहां एकत्रित वर्शा के पानी की निकासी व विशेष सफाई कराने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने पटरी पार के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण निगम अधिकारियों के साथ कर एकत्रित पानी की निकासी, कीटनाशक दवा छिड़काव व विशेष सफाई कराने के निर्देष संबंधितों को दिये ताकि डेंगू, मलेरिया व वर्शा जनित बीमारियों को रोका जा सकें।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने प्रातः जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, पीएनटी कालोनी, जनता कालोनी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर मूसलाधार बारिश से उत्पन्न हुई समस्याऐं नागरिकों से जानकार निर्देशित किया कि एकत्रित बारिश के पानी की निकासी के समुचित प्रबंध किये जाये साथ ही बारिश के पानी के बहाव के साथ आई कचरा, गंदगी व कीचड़ की विषेश सफाई त्वरित गति से करवाई जाये साथ ही सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया जाये।

जवाहर नगर मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल कार्यालय के पीछे निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा बताया कि कतिपय नागरिकों द्वारा खुली भूमि व नाले में कचरा डाला जाता है इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने नागरिकों से कहा कि वे कचरा डालने वाले का फोटो लेकर मुझे व्हाट्स एप भेजें संबंधितों के विरूद्ध उनके घर-दुकान जाकर जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।



जनता कालोनी के निरीक्षण के दौरान रहवासियों द्वारा बताया गया कि नाले पर अतिक्रमण होने से काफी संकरा हो गया है इससे बारिश का पानी रहवासी क्षेत्रों में भरता है, इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नाले को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर नाले की चौड़ाई 15 फीट की जाये। जनता कालोनी के पीछे वाली लाईन में कुछ कच्चे शौचालयों की जानकारी प्राप्त होने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने शौचालयों का सर्वे कर संबंधितों को नोटिस दिये जाने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, श्री मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए. पी. सिंह, उपयंत्री श्री बी.एल. चौधरी, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व वार्ड दरोगा आदि उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन सिटी फोर लेन का संभाग के अधीक्षण यंत्री ने किया निरीक्षण

**24 सितम्बर।** उज्जैन संभाग के अधीक्षण यंत्री श्री प्रदीप निगम व कार्यपालन यंत्री श्री आर.आर. जारोलिया ने निर्माणाधीन सिटी फोर लेन का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व निगम इंजीनियरों के साथ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने अधीक्षण यंत्री श्री निगम व कार्यपालन यंत्री श्री जारोलिया सर्वप्रथम दो बत्ती से डाट की पुल तक निर्माणाधीन फोर लेन का अवलोकन करवाकर सड़क की लम्बाई, चौड़ाई व ढलान की जानकारी से अवगत कराया साथ इस बात की भी जानकारी दी की इस सड़क पर वर्शा के पानी का बहाव अधिक रहता है इस हेतु पानी निकासी के लिये ड्रेनेज व चेम्बर का निर्माण करवाया गया है जिससे वर्शा के पानी की निकासी सुगमता से हो सकें। महाराजा सज्जन सिंह जी की प्रतिमा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक की फोर लेन सड़क के निरीक्षण के दौरान श्री निगम ने यातायात की स्थिति की जानकारी लेकर कहा कि सड़क के डिवाईडरो का इस प्रकार से निर्माण कराया जाये कि चौराहे पर यातायात बाधित ना होकर नागरिकों को सुविधाा हो।

# नगर निगम के पेंषनरो को देना होगा जीवित प्रमाण-पत्र

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के पेंशनरों को प्रत्येक वर्ष के माह दिसम्बर में जीवित प्रमाण-पत्र लिया जावेगा। नगर पालिक निगम रतलाम के समस्त पेंशनरों से अपील की जाती है कि वे माह दिसम्बर 2021 से प्रत्येक वर्षान्त में जीवित प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप में निगम की पेंशन शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करावें जीवित प्रमाण-पत्र नहीं जमा कराने पर जनवरी से पेंशन भुगतान नहीं किया जावेगा।

# नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन

## 1 सितम्बर म 30 सितम्बर के बीच कुल टन कचरा जुलवानिया पंहूचा



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है जिसके तहत 01 सितम्बर बुधवार को 34 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया। 01 सितम्बर बुधवार को डम्पर से 17700, काम्पेक्टर सूखा कचरा 5810, काम्पेक्टर गीला 8660, मैजिक 2770 किलो इस तरह कुल 34940 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

## नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन

| | |
|---|---|
| 1 सितंबर को 34 टन कचरा वजन किया गया | 9 सितंबर को 75 टन कचरा वजन किया गया |
| 2 सितंबर को 99 टन कचरा वजन किया गया | 10 सितंबर को 100 टन कचरा वजन किया गया |
| 3 सितंबर को 89 टन कचरा वजन किया गया | 11 सितंबर को 100 टन कचरा वजन किया गया |
| 4 सितंबर को 48 टन कचरा वजन किया गया | 12 सितंबर को 60 टन कचरा वजन किया गया |
| 5 सितंबर को 72 टन कचरा वजन किया गया | 13 सितंबर को 90 टन कचरा वजन किया गया |
| 6 सितंबर को 90 टन कचरा वजन किया गया | 14 सितंबर को 93 टन कचरा वजन किया गया |
| 7 सितंबर को 73 टन कचरा वजन किया गया | 15 सितंबर को 94 टन कचरा वजन किया गया |
| 8 सितंबर को 84 टन कचरा वजन किया गया | 16 सितंबर को 99 टन कचरा वजन किया गया |

| | |
|---|---|
| 17 सितंबर को 87 टन कचरा वजन किया गया | 24 सितंबर को 83 टन कचरा वजन किया गया |
| 18 सितंबर को 82 टन कचरा वजन किया गया | 25 सितंबर को 100 टन कचरा वजन किया गया |
| 19 सितंबर को 14 टन कचरा वजन किया गया | 26 सितंबर को 67 टन कचरा वजन किया गया |
| 20 सितंबर को 95 टन कचरा वजन किया गया | 27 सितंबर को 100 टन कचरा वजन किया गया |
| 21 सितंबर को 94 टन कचरा वजन किया गया | 28 सितंबर को 81 टन कचरा वजन किया गया |
| 22 सितंबर को 83 टन कचरा वजन किया गया | 29 सितंबर को 100 टन कचरा वजन किया गया |
| 23 सितंबर को 94 टन कचरा वजन किया गया | 30 सितंबर को 94 टन कचरा वजन किया गया |

## फॉगिंग मशीन चालक का 2 दिवस का वेतन काटा


29 सितम्बर। नगर निगम के 2 कचरा संग्रहण वाहन विगत 1 माह से महू रोड स्थित गैरज खड़े होने का विडियो व्हाट्स एप पर प्राप्त होने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह व झोन प्रभारी श्री विनय चौहान को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरित प्रभाव पड़ने व निगम की छवि धुमिल होने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घन्टे में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा उक्त वाहन के चालक देवकरण जावलीया व हैल्पर गोपाल-दिलीप दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी द्वारा उक्त वाहन की रिपोर्ट वरिश्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत नहीं करने पर सेवा से बर्खास्त किया गया। झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत कालिका माता मंदिर क्षेत्र में गंदगी एवं कचरे के ढेर पाये जाने पर झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व वार्ड प्रभारी श्री दिलीप खरे को कार्य में लापरवाही बरतने, सफाई व्यवस्था में विपरित प्रभाव पड़ने व निगम की छवि धुमिल होने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर 24 घन्टे में जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

E-NEWS LETTER
रतलाम
नगर पालिक निगम
आजादी का अमृत महोत्सव

# 1467 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए

## पथ विक्रेता 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करें

नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यशील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं।




नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र रतलाम के पथ विक्रेताओं से अपील की जाती है कि जिन्हे प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अन्तर्गत राशि रूपये 10,000/- का ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा ऐसे पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी राशि रूपये 10,000/- का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त हो चुका है व जमा करा दिया है वे द्वितीय कार्यशील पूंजी राशि रूपये 20,000/- का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करने हेतु नगर निगम के झोन कार्यालय अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अमृत सागर उद्यान व हरमाला पम्प हाउस कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर शीघ्र ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करें।

रतलाम
नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# ''डेंगू पर प्रहार अभियान''

## के तहत जन जागरूकता रैली का आयोजन

14 सितम्बर। डेंगू, मलेरिया व वर्षा जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे ''डेंगू पर प्रहार अभियान'' के तहत नगर निगम द्वारा आज 15 सितम्बर बुधवार को प्रातः 9:00 बजे नगर निगम कार्यालय से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित होकर नागरिकों को डेंगू के प्रति जागरूक करेंगे।








निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने इस संबंध में निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि आयोजित रैली में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उन्होने निर्देशित किया कि रतलाम शहर में डेंगू को प्रकोप को खत्म करने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर नागरिकों को डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण के उपायो की जानकारी देंगे व जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करेंगे। आयोजित रैली में अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उद्घोषणा के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जायेगा साथ ही फॉगिंग व हैण्ड स्प्रे मशीन से कीटनाशक दवा का भी छिड़काव किया जायेगा।

# डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




15 सितंबर। डेंगू, मलेरिया व वर्शा जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु शासन द्वारा 15 सितम्बर से चलाये जा रहे ''डेंगू पर प्रहार अभियान'' के तहत डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया आदि ने नगर निगम परिसर से हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। रैली नगर निगम परिसर से प्रारंभ होकर कालेज रोड, नाहरपुरा, धानमण्डी, षहर सराय, लोकेन्द्र टॉकिज, महाराणा प्रताप चौक सहित नगर के अन्य क्षेत्रों में पंहूची। रैली के साथ-साथ चार की फॉगिंग मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव किया गया साथ ही डेंगू, मलेरिया व वर्शा जनित बीमारियों से बचाव हेतु नागरिकों को जानकारी दी गई।








# डेंगू से बचाव हेतु वृहद स्तर कीटनाषक दवा का छिड़का प्रारंभ
## निगम आयुक्त श्री झारिया नवीन फॉगिंग मशीन की पूजा अर्चना

03 सितम्बर। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर निगम व मलेरिया विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संपूर्ण नगर में वृहद स्तर पर फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का 2 डबल बैरल व 2 सिंगल बैरल मशीन से छिड़काव प्रारंभ किया गया।



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नगर निगम द्वारा क्रय की गई डबल बैरल फॉगिंग मशीन की विधिवत् पूजा अर्चना कर अभियान की शुरूआत की। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा नवीन क्रय की गई 1 डबल बैरल , 1 पुरानी डबल बैरल, 1 सिंगल बैरल फॉगिंग मशीन व मलेरिया विभाग की 1 सिंगल बैरल मशीन से संपूर्ण शहर में कीटनाशक दवा छिड़काव का किया है। मलेरिया विभाग द्वारा डबल बैरल की 1 फॉगिंग मशीन 4 सितम्बर को उपलब्ध कराई जायेगी साथ ही नगर निगम द्वारा और भी फॉगिंग मशीन क्रय कर अभियान को ओर अधिक वृहद रूप प्रदान किया जायेगा।





उन्होने बताया कि नगर निगम द्वारा पूर्व से ही फॉगिंग मशीन व प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री पुरूषोत्तम द्वारा दिये गये निर्देश के तहत ओर फॉगिंग मशीन बढ़ाई गई है जिससे निश्चित् ही 20 से 25 दिनों में मच्छरो व उनके लार्वा पर काबू पाया जा सकेगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि 3 सितम्बर से पटरी पार के क्षेत्रों में एक एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन व शहरी क्षेत्र में 1 डबल बैरल व 2 सिंगल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जायेगा आगामी 2 से 3 दिनों में फॉगिंग मशीन की संख्या बढ़ाई जायेगी। उन्होने बताया कि कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार किल कोरोना अभियान के तहत किल डेंगू व मलेरिया अभियान चलाया जायेगा जिसके तहत घर-घर जाकर डेंगू, मलेरिया



के मरीजों की जानकारी ली जाकर उनका उपचार करवाया जायेगा साथ ही मच्छर व उनके लार्वा को भी नष्ट किया जायेगा। इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, श्री मोहम्मद हनीफ शेख, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 प्रमोद प्रजापति, निज सहायक श्री सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार, श्री मनीष तिवारी, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री विनय चौहान, श्री विराट मेहरा, मलेरिया विभाग के सर्वश्री सुनील दुबे, सुरेश रघुवंशी, लक्ष्मीनारायण भाटी, जालम सिंह परिहार आदि उपस्थित थे।

# डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव प्रारंभ

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने कीटनाषक दवा छिड़काव हेतु वाहनों को रवाना किया

05 सितम्बर। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर में फॉगिंग मशीन से किये जा रहे कीटनाशक दवा छिड़काव के कार्य में वृद्धि करते हुए निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने प्रत्येक झोन के लिए एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीनों को कीटनाशक दवा छिड़काव हेतु रवाना किया।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार फॉगिंग मशीन में वृद्धि की है जिसके तहत एक और नवीन डबल बैरल फॉगिंग मशी प्राप्त हो चुकी है। अब शहर के सभी चार जोन में एक-एक मशीन से दवा का छिड़काव किया जायेगा जिसकी शुरूआत आज नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। रूट चार्ट अनुसार अब सुबह 05:30 से 08:00 बजे तक व शाम को 06:00 से रात 10:00 बजे तक शहर के चारो जोन में अलग-अलग कॉलोनियों में फॉगिंग मशीन से दवा का छिड़काव किया जाएगा। दवा छिड़काव के पूर्व संबंधित क्षेत्रों में एलान किया जायेगा।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रमोद प्रजापति, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार, श्री मनीष तिवारी, झोन प्रभारी सर्वश्री पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा, मलेरिया विभाग के सर्वश्री सुनील दुबे, लक्ष्मीनारायण भाटी, जालम सिंह परिहार आदि उपस्थित थे।



रतलाम नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# किल कोरोना की तरह किल डेंगू अभियान में सभी जुट जायें-श्री झारिया

## घर-घर किया जाये सर्वे, साफ पानी कहीं भी एकत्रित ना हो

10 सितम्बर। डेंगू की रोकथाम हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा विडियो कान्फ्रेंस में दिये निर्देश के तहत त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रमोद प्रजापति के साथ निगम अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर डेंगू के प्रति नागरिकों को जागरूक किये जाने तथा डेंगू के लार्वा को नष्ट किये जाने हेतु घर-घर सर्वे किये जाने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में बताया कि डेंगू के मरीजों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है, जिस प्रकार किल कोरोना अभियान के तहत कोरोना पर काबू पाया था ठीक इसी प्रकार से हमें किल डेंगू अभियान चलाकर डेंगू पर काबू पाना है निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किया कि डेंगू के प्रति नागरिकों को जागरूक किये जाने के साथ ही घर-घर जाकर सर्वे किया जाये व लार्वा पाया





नगर निगम व मलेरिया विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु अपने आसपास, गड्ढो में पानी एकत्रित ना होने दें साथ ही कूलर का पानी नियमित रूप से बदले, पानी की टंकियों को खुला ना छोड़ें, खुले मटके, ड्रम, टायर इत्यादि में पानी एकत्रित ना होने दें इसके अलावा अपने घरों से निकलने वाले कचरे को यहां-वहां, नाले-नालियों में न डालते हुए निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें साथ ही अपने आसपास जल भराव की स्थिति पैदा न होने दें तभी हमारा शहर साफ-स्वच्छ व सुन्दर होने के साथ डेंगू तथा मलेरिया जैसी बीमारियों से मुक्त रह सकेगा।

संबंधितों पर जुर्माने की कार्यवाही के साथ ही मलेरिया विभाग से संपर्क कर लार्वा को नष्ट किये जाने की कार्यवाही की जाये। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि डेंगू का लार्वा साफ रुके हुए पानी में पनपता है इस हेतु कहीं भी 5 दिन से अधिक समय का पानी रुका हुआ नहीं होना चाहिये यदि कहीं पानी रुका है तो उसमें जला हुआ आईल डाला जाये जिससे डेंगू के लार्वा नष्ट हो सकें। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि घरो-दुकानों में कहीं भी मटके, ड्रम, टायर, टब इत्यादि में पानी एकत्रित ना हो इसका सर्वे किया जाये।



जजला मलेरिया अधिकारी डॉ0 प्रमोद प्रजापति ने इस अवसर पर बताया कि डेंगू एडिस मच्छर के काटने से होता है व साफ रूके हुए पानी में पनपता है इस हेतु किसी भी स्थान या वस्तु में साफ रूका हुआ पानी ना हो इसकी सुनिश्चितता की जाये तभी डेंगू पर काबू पाया जा सकेगा। उन्होने बताया कि डेंगू का मच्छर 400 मीटर के दायरे में डेंगू की बीमारी फैला सकता है यह मच्छर दिन के समय काटता है। इस अवसर पर उन्होने डेंगू बीमारी के लक्षण, डेंगू की रोकथाम इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। नगर निगम व मलेरिया विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु अपने आसपास, गड्ढो में पानी एकत्रित ना होने दें साथ ही कूलर का पानी नियमित रूप से बदले, पानी की टंकियों को खुला ना छोड़ें, खुले मटके, ड्रम, टायर इत्यादि में पानी एकत्रित ना होने दें इसके अलावा अपने घरों से निकलने वाले कचरे को यहां- वहां, नाले-नालियों में न डालते हुए निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें साथ ही अपने आसपास जल भराव की स्थिति पैदा न होने दें तभी हमारा शहर साफ-स्वच्छ व सुन्दर होने के साथ डेंगू तथा मलेरिया जैसी बीमारियों से मुक्त रह सकेगा।

**21 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन**

## डेंगू के लार्वा पाये जाने पर व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन

13 सितम्बर। डेंगू की रोकथाम हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा विडियो कान्फ्रेंस में दिये निर्देश के तहत त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा दल गठित किये जाकर घर-घर सर्वे किया जाकर डेंगू के लार्वा पाये जाने पर संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है।

**निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पीएनटी कालोनी व मीरा कुटी क्षेत्र में सर्वे के दौरान डेंगू के लार्वा पाये जाने पर विनोद कुमावत, दुर्गाबाई व संजय रावत पीएनटी कालोनी पर 500-500, चुन्नीलाल, देवप्रकाश, कन्हैयालाल, बी.एन. शर्मा, जबर खान, अफार खान, साजिदा अली, अब्दुल शकुर, नोलकेजी, राकेन्द्र मरकाम, विरेन्द्र, आफिन जी पीएनटी कालोनी, महादेवी, अरातीजी, गोविन्द राम, सोनीबाई, अखिलेश व राधेश्याम मीरा कुटी पर 250-250 रूपये का स्पॉट फाईन झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े द्वारा किया गया।**

# नो पार्किंग में खड़े 6 वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना




01 सितम्बर । नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत 01 सितम्बर बुधवार को नो पार्किंग में खड़े 6 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार 01 सितम्बर मंगलवार को चांदनी चौक क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर हेमन्त-जसवंत सोनी गुजरात व गौरव-विजेन्द्र गादिया चांदनी चौक पर 500-500, संभव-सुभाष, नवदीप- जयंतलाल मूणत, विशाल-ईश्वरसिंह व नवीन-रमेशचन्द्र राहोरी पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया।

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर जुर्माना

| | |
|---|---|
| 01 सितंबर को नो पार्किंग में खड़े 6 वाहनों पर जुर्माना | 10 सितंबर को नो पार्किंग में खड़े 4 वाहनों पर जुर्माना |
| 02 सितंबर को नो पार्किंग में खड़ 4 वाहनों पर जुर्माना | 12 सितंबर को नो पार्किंग में खड़े 10 वाहनों पर जुर्माना |
| 04 सितंबर को नो पार्किंग में खड़ 2 वाहनों पर जुर्माना | 25 सितंबर को नो पार्किंग में खड़े 4 वाहनों पर जुर्माना |
| 07 सितंबर को नो पार्किंग में खड़ 4 वाहनों पर जुर्माना | 30 सितंबर को नो पार्किंग में खड़े 3 वाहनों पर जुर्माना |



रतलाम नगर पालिक निगम

E-NEWS LETTER

आजादी का अमृत महोत्सव

# खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

## गंदगी करने वालो की सूचना स्पॉट फाईन दल को दें

03 सितम्बर। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 03 सितम्बर को 12 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।




निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में कचरा व गंदगी अकरने पर शैलेन्द्रसिंह लम्बी गली पर 1000, शांतिलाल, विनोद कटारिया महलवाड़ा, पर 500-500, शर्माजी सैलाना रोड, बालाजी रेस्टोरेंट दो बत्ती, मार्डन केमिस्ट, श्रीराम केमिस्ट कॉलेज रोड पर 250-250, महाकाल नमकीन फुलमण्डी पर 200, चौधरी रेस्टोरेंट फुलमण्डी पर 100, ए.के. पान भण्डार, किशोर, मुकेश सैलाना रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि षहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह मो. नं. 7471144930, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े मो. नं. 7471144931, श्री किरण चौहान मो.नं. 7471144932, श्री विनय चौहान मो.नं. 8770535145, श्री विराट मेहरा 9770326691, स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट मो. नं. 7000128812, आकाष षिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेष ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

03 सितंबर को गंदगी करने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

04 सितंबर को गंदगी करने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

05 सितंबर को गंदगी करने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

06 सितंबर को गंदगी करने पर 9व्यक्तियों पर जुर्माना

07 सितंबर को गंदगी करने पर 15 व्यक्तियों पर जुर्माना

16 सितंबर को गंदगी करने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

# भैंसो के तबेले व बाड़े तोड़ने का अभियान



# पशु पालक शहरी क्षेत्र में नहीं करें भैंसो का पालन

## भैंसो के बाढ़े व तबेलों को हटाया




रतलाम शहर में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाली भैंसों पर लगाम लगाने हेतु नगर निगम द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र में भैंसो के बाढ़े व तबेलो का सर्वे पूर्ण किया जाकर 29 तबेले चिन्हित किये गये है जिन्हे 02 सितम्बर गुरूवार से हटाने की कार्यवाही नगर निगम द्वारा की जाये गी। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाली भैंस की संख्या बढ़ती जा रही इस हेतु शहर में स्थित अवैध रूप से संचालित सभी तबेलो का सर्वे नगर निगम द्वारा कराया जा चुका है। शहरी क्षेत्र में भैंसो का पालन करना निगम एक्ट के विपरित है, ऐसे भैंस पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले का निर्माण कर भैंसो का पालन कर रहे है वे स्वंय अपने तबेलो को हटाकर शहर से बाहर ले जाये अन्यथा निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

# भैंसो के तबेले व बाड़े तोड़ने की हुई शुरूआत

## 5 भैंसो के तबलो को तोड़ा गया

नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले हटाने का अभियान निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण व राजस्व विभाग अमले द्वारा प्रारंभ किया गया जिसके तहत 02 सितम्बर गुरूवार को 5 तबेलों को तोड़ा गया।निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार भैंसो के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य प्रातः 10 बजे अलकापुरी स्थित बंजारा बस्ती से नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण व राजस्व विभाग अमले द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ प्रारंभ किया गया। तबेले संचालक शरीफ खां-हसन खां, बशीर खां-हसन खां को दो दिवस पूर्व में अंतिम रूप से सूचना दी गई की वे अपने तबेलों को स्वंय हटा लें किन्तु तबेले नहीं हटाये जाने की स्थिति में उक्त तबेलों को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाया गया।

E-NEWS LETTER
रतलाम
नगर पालिक निगम
आजादी का अमृत महोत्सव

# भैंसो के तबेले व बाड़े तोड़ने का अभियान युद्ध स्तर पर जारी

## 3 सितम्बर को 9 भैंसो के तबलो को तोड़ा गया

## नगर निगम ने दो दिन में 14 भैंसो के तबेले हटाये







**03 सितम्बर।** रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले व बाड़े हटाने का अभियान दुसरे दिन युद्ध स्तर पर चलाया गया जिसके तहत पटरी पार क्षेत्र के 9 भैंसो के तबेलो को तोड़ा गया। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार भैंसो के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य प्रात: 10 बजे बिरियाखेड़ी से नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण व राजस्व विभाग अमले द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ प्रारंभ किया गया। तबेले संचालक अफजल-अकबर, इरफान बैलूत व मुन्नाभाई पूर्व में सूचना दी गई की वे अपने तबेलों को स्वंय हटा लें किन्तु तबेले नहीं हटाये जाने की स्थिति में उक्त तबेलों को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाया गया। इसके पश्चात एम.बी. नगर में चन्दरसिंह-बापुसिंह, कॉमर्स कॉलेज के सामने मालवा डेरी फार्म, मोहन नगर में कमल घोसी व रेल नगर में रामकुमार यादव व राजेन्द्र यादव के दो तबेले को तोड़कर भविष्य में नगरीय क्षेत्र में तबेले संचालित नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया। नगर निगम अमले द्वारा जिन भैंस पालकों के तबले तोड़े गये है उनसे 15 हजार रूपये प्रति घन्टे मान से राशि वसूल की जावेगी। नगरीय क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले एवं बाड़े को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# गाय व अन्य पशुओं के तबेले व बाड़े 3 दिवस में स्वंय हटा लेवें समयावधि पष्चात नगर निगम द्वारा तोड़े जायेंगे तबेले व बाड़े

## वसूल की जायेगी 15 हजार रूपये प्रति घंटा के मान से तोड़ने की राशि

4 सितम्बर। रतलाम शहर में गाय व अन्य मवेशियों के बाड़े एवं तबेले मवेशी पालक द्वारा 7 सितम्बर मंगलवार तक हटाने के निर्देश कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम ने गवली समाज व अन्य पशु पालकों को दिये। नगर निगम सभागृह में 04 सितम्बर शनिवार को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री पुरूषोत्तम द्वारा नागरिकों नगर निगम से संबंधित शिकायतें सुनने व निराकरण करने के दौरान गवली समाज व अन्य पशु पालकों द्वारा अपने बाड़े व तबेले स्वंय तोड़े जाने हेतु समय की मांग किये जाने पर कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने उन्हे 3 दिवस का समय दिया।



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशी व उनके बाड़े व तबेलों शहर तो गंदा होता ही है साथ ही उत्पन्न गंदगी से मच्छर पैदा होते है जिससे नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में डेंगू के प्रकोप शहर में बढ़ता जा रहा है इस पर काबू पाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा संपूर्ण शहर में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है साथ ही निगम एक्ट के विरूद्ध शहर में संचालित गाय, भैंस, सूअर व अन्य पशुओं के तबेले एवं बाड़े तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। मवेशी पालकों के अनुरोध पर उन्हे तीन दिवस का समय दिया गया है नियत समयावधि में मवेशी पालक द्वारा तबेले व बाड़े स्वंय नहीं हटाते है तो उन्हे नगर निगम द्वारा तोड़ा जाकर 15 हजार रूपये प्रतिघन्टा के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जावेगी।

# भैंसो के तबेले व बाड़े तोड़ने का अभियान पुनः प्रारंभ
# 8 सितम्बर को 7 भैंसो के तबलो को तोड़ा गया
# 4 तबेले संचालकों से तबेले तोड़ने की राशि वसूली

**08 सितम्बर।** रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु निगम नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले व बाड़े हटाने के अभियान के तहत तबेले संचालकों को अपने तबेले स्वंय तोड़ने की समय सीमा 7 सितम्बर समाप्त होने गे बाद निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 8 सितम्बर को तबेले तोड़ने का अभियान प्रारंभ किया गया जिसके तहत झोन क्रमांक 3 के अन्तर्गत संचालित 7 तबेलों को तोड़ा जाकर तबेले मालिकों से तबेले तोड़ने की राशि वसूली।



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 8 सितम्बर बुधवार को भैंसो के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य प्रातः 10 बजे गौशाला रोड से किया गया जिसके तहत गोपाल यादव गौशाला रोड, रघुनाथ राठौड, मानसिंह राठौड़ तैलियो की गली, शहजाद- रसूल राजेन्द्र नगर, शाहिद घोसी मौमिनपुरा, हुसैन अब्दुल व मोहम्मद कुरेशी नयापुरा द्वारा अपने तबेले नहीं हटाये जाने की स्थिति में उक्त तबेलों को जेसीबी मशीन, गैंग आदि के माध्यम से हटाया गया। इस तरह नगर निगम द्वारा अब तक शहरी क्षेत्र से कुल 21 तबेलो को हटाया गया यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## शहरी क्षेत्र से अब तक 26 भैंसो के तबेले हटाये

# 9 सितम्बर को 5 भैंसो के तबलो को तोड़कर तोड़ने की राशि वसूली

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 9 सितम्बर को झोन क्रमांक 4 के अन्तर्गत संचालित 5 तबेलों को तोड़ा जाकर तबेले मालिकों से तबेले तोड़ने की राशि वसूली। भैंसो व अन्य पशुओं के शेष बचे तबेले एवं बाड़े 11 सितम्बर शनिवार को तोड़े जायेंगे साथ साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जायेगी।



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 9 सितम्बर गुरूवार को भैंसो के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य प्रातः 10 बजे रत्नेश्वर रोड से प्रारंभ किया गया जिसके तहत जीतमल राठौड़, गोविन्द मेहना रत्नेश्वर रोड, लाला घोसी, राधेश्याम गुर्जर धभाईजी का वास, राजेश राठौड़ वसंत कालोनी द्वारा अपने तबेले नहीं हटाये जाने की स्थिति में उक्त तबेलों को जेसीबी मशीन, गैंग आदि के माध्यम से हटाया गया।

तबेले तोड़ने की कार्यवाही के दौरान लाला घोसी धभाईजी का वास से 15,000, जीतमल राठौड, गोविन्द मेहना रत्नेश्वर रोड, राधेश्याम राठौड़ वसंत कालोनी से 10000-10000, राधेश्याम गुर्जर धभाई जी का वास से 5000 हजार की राशि तबेले तोड़ने हेतु वसूली। इसके अलावा प्रताप नगर ब्रीज के पास सज्जाद द्वारा सुकले का भण्डारण करने पर 5000 की राशि वसूली।

## अमरीष षर्मा को सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र

**28 सितम्बर।** निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने आयुश्मान कार्ड बनाने की ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने पर दैनिक वेतन भोगी कम्प्यूटर आपरेट अमरीष षर्मा का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया।

# जीपीओ रोड से हटाया स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण
# 11 सितम्बर को 2 भैंसो के तबलो को तोड़कर तोड़ने की राशि वसूली
# 2 तबेले मालिकों ने स्वंय तबेले हटाये





11 सितम्बर । रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु निगम नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले व बाड़े हटाने के अभियान के तहत तबेले संचालकों को अपने तबेले स्वंय तोड़ने की समय सीमा समाप्त होने के बाद निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11 सितम्बर को 2 तबेलो को तोड़ा जाकर संबंधित से तोड़ने की राशि वसूली वहीं 2 तबेले मालिकों ने अपने तबेले स्वंय हटा लिये। इसके अलावा जीपीओ रोड़ से 10 कच्चे-पक्के अतिक्रमण व गुमटियां हटाई गई।




निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11 सितम्बर शनिवार को भैंसो के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य प्रात: 10 बजे प्रारंभ किया गया जिसके तहत हमदेश प्रेस की गली में रूस्तम का तबेला, मारकुश कटारा के अरिहन्त परिसर स्थित तबेले को जेसीबी मशीन, गैंग आदि के माध्यम से हटाया गया। इसके अलावा मिशन कम्पाउण्ड में इकबाल घोसी व रहमत नगर में सैय्यद बरकत अली द्वारा अपने तबेले स्वंय हटा लिये गये। इस तरह नगर निगम द्वारा अब तक शहरी क्षेत्र से कुल 30 तबेलो को हटाया जा चुका है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। तबेले तोड़ने की कार्यवाही के दौरान मारकुश कटारा अरिहन्त परिसर से 5000 व रूस्तम हमदेश प्रेस की गली से 2000 हजार की राशि तबेले तोड़ने हेतु वसूली।

# अनुमति के बिना मुख्य सड़कों के किनारे निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर होगी तोड़ने की कार्यवाही

## 15 हजार रूपये प्रति घंटे के मान से तोड़ने की राशि होगी वसूल

12 सितम्बर। शहर की मुख्य सड़के सैलाना रोड, सागोद रोड, महू रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य सड़को के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर उन्हे तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गठित दलो के द्वारा 13 सितम्बर सोमवार से प्रारंभ की जायेगी साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जायेगी।





निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलो को निर्देशित किया है शहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर 13 सितम्बर सोमवार से प्रारंभ कर प्रतिदिन की जाये व संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाये। नगर निगम द्वारा बिना अनुमति के निर्माण तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है नागरिकों से अपील है कि वे अनुमति के बिना निर्माण कार्य ना करें।







# सागोद रोड क्षेत्र से हटाई अवैध गुमटियां

01 सितम्बर। शहर के मुख्य मार्गो के आसपास अवैध रूप से लगाई गई गुमटियों को हटाने व राजसात करने अभियान के तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में सागोद रोड जैन स्कूल से रेलवे ब्रीज तक लगी 75 अवैध स्थाई व अस्थाई गुमटियों को नगर निगम के राजस्व व लोक निर्माण विभाग के अमले द्वारा हटाया गया।



निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशन में सागोद रोड जैन स्कूल से स्थाई व अस्थाई अवैध गुमटियां हटाने का कार्य प्रातः प्रारंभ किया गया जिसके तहत रेलवे ब्रीज तक 75 अवैध गुमटियां हटाई गई व 13 गुमटियों को राजसात किया गया। नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा अवैध गुमटियां हटाने की शुरूआत की गई जिसके तहत 75 अवैध गुमटियां हटाई जाकर 13 गुमटियों को राजसात किया गया। शहर के मुख्य मार्गो पर लगी अवैध गुमटियों

## अवैध गुमटी धारी अपनी गुमटी स्वंय हटा लें अन्यथा गुमटियों को हटाकर राजसात किया

को हटाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। अवैध गुमटी धारी अपनी गुमटियां स्वंय हटा लें अन्यथा गुमटियों को हटाकर राजसात किया जायेगा साथ ही जुर्माना भी वसूला जायेगा। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, उपयंत्री सर्वश्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री सुनील कपूर व राजस्व तथा लोक निर्माण विभाग का अमला उपस्थित था।

# अनिल चनाल को वार्ड क्रमांक 37 के प्रभारी का दायित्व सौंपा


05 सितम्बर। कार्य व्यवस्था एवं प्रशासकीय सुविधा की दृष्टि से निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने श्री अनिल-प्रभुलाल चनाल को वार्ड क्रमांक 37 के वार्ड प्रभारी का दायित्व सौंपा है जो स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार वार्ड प्रभारी का कार्य संपादित करेंगे।

E-NEWS LETTER
रतलाम
नगर पालिक निगम
आजादी का अमृत महोत्सव

# गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।




निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाये। प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पुरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना करायें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा उठ चुका है।

# दरोगा मोहसिन खान निलंबित

02 सितम्बर। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 35 शैरानीपुरा खेड़ा में रिक्त भूखण्डो पर कचरे के ढेर पाये जाने पर दरोगा मोहसिन खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

# मैजिक हैल्पर लखन चावरे सेवा से बर्खास्त

02 सितम्बर। वार्ड क्रमांक 7 के कचरा संग्रहण वाहन के हैल्पर लखन- रविन्द्र चावरे द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने व मोबाईल रिसिव नहीं करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सेवा से बर्खास्त किया गया।

# वार्ड 39 के प्रभारी विजय खरे निलंबित

05 सितम्बर। वार्ड क्रमांक 39 अन्तर्गत नजरबाग बैंक कालोनी क्षेत्र के रहवासियों द्वारा व्हाट्स एप पर गंदगी होने की शिकायत करने व फोटोग्राफ अपलोड करने से निगम की छवि धूमिल होने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने वार्ड प्रभारी विजय खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। निलबंन अवधि में इनका मुख्यालय जुलवानिया ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र रहेगा।

# अशोक गौरव संजय पैमाल सेवा से बर्खास्त

05 सितम्बर। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नगर निगम परिसर के दैनिक वेतन भोगी दरोगा अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा दैनिक वेतन भोगी कचरा संग्रहण ड्रायवर शुभम् चनाल पर धारदार हथियार से हमला करने पर तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया। नगर निगम परिसर के दैनिक वेतन भोगी दरोगा अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा दैनिक वेतन भोगी कचरा संग्रहण वाहन ड्रायवर शुभम् चनाल पर धारदार हथियार से हमला किया गया। हमले के बाद घायल ड्रायवर शुभम् चनाल को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती करवाया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने जिला चिकित्सालय जाकर घायल कर्मचारी श्री चनाल को देखा व इसकी सूचना कलेक्टर एवं प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम को दी। अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा किये गये उक्त कृत्य व हमले की पुलिस एफआईआर दर्ज होने को गंभीर कदाचरण की श्रेणी में लेते हुए तत्काल प्रभाव सेवा से बर्खास्त किया गया।

# सफाई कर्मचारियों की मांगो पर शासन नियमानुसार स्वीकृति दिये जाने पर कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त

08 सितम्बर। नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की 22 सुत्रीय मांगो के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी के साथ यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा की। नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की 22 सुत्रीय मांगो पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने विस्तृत चर्चा कर लगभग सभी मांगे शासन नियमानुसार स्वीकृत कर उनके निराकरण हेतु समय-सीमा भी निर्धारित की जिससे कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। चर्चा के दौरान उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सर्वश्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, श्री सत्यप्रकाश आर्चाय, निज सहायक श्री सुभाष गोयल, लेखाधिकारी श्री विजय बालोद्रा, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री मनीष तिवारी, सहायक वर्ग-3 श्री राजेन्द्रसिंह गेहलोत, नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारी सर्वश्री कमल भाटी, रामकल्याणे, कमल शिन्दे, संजय पैमाल, विजय खरे आदि उपस्थित थे।

# झोन प्रभारी किरण चौहान निलंबित

## स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह को कारण बताओ सूचना पत्र




13 सितम्बर । नगर निगम के झोन क्रमांक 2 के प्रभारी श्री किरण चौहान व स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए. पी. सिंह द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने झोन प्रभारी श्री चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया व स्वास्थ्य अधिकारी श्री सिंह को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया। वार्ड क्रमांक 38 स्थित मोचीपुरा नाले की जल निकासी को सुचारू बनाने हेतु वार्ड के सफाई संरक्षक श्री संजय-साजन को बिना सुरक्षा उपकरण नाले में उतारने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने झोन प्रभारी श्री किरण चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया व स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर 3 दिवस में समक्ष में स्पष्टिकरण चाहा है। झोन प्रभारी श्री चौहान का निलंबत काल में मुख्यालय जुलवानिया ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र रहेगा।

रतलाम
नगर पालिक निगम
E-NEWS LETTER
आजादी का अमृत महोत्सव

# मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

## स्वच्छंद वितरण करने वाले मवेशि रात्रि में भी पकड़े गये

30 सितम्बर रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।





कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 30 सितम्बर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1368 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 30 सितम्बर को अलाकपुरी, नयागांव, सैलाना रोड आदि क्षेत्रों से 10 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया।

**30 सितंबर तक 1368 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा**

## मवेशी पकड़ने वाली गैंग के कर्मचारियों का दो दिवस का वेतन काटा

14 सितम्बर। राम मंदिर के सामने सैलाना रोड के निरीक्षण के दौरान डिवाईडर पर 4 मवेशी बैठे पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मवेशी पकड़ने वाली गैंग के कर्मचारियों का दो दिवस का वेतन काटा गया। राम मंदिर के सामने सैलाना रोड के डिवाईडर पर 4 मवेशी बैठे पाये जाने पर मवेशी पकड़ने हेतु नियुक्त गैंग के कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, कैलाश- नन्दलाल, हीरालाल-गबरू, मेहफुज-कालेखां, पुनमचन्द-रतन, कमलेश-त्रिलोकचन्द, राधेश्या-भवंर, रामु-राजू व संजय-सत्यनारायण का दो दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये